प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

कार्यालय आदेश

सभी विभागाध्यक्ष / सभी चिकित्सक एवं शिक्षक,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर ।

विदित हो कि दिनांक – 27.06.18 को प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना की अध्यक्षता में आहुत समीक्षात्मक बैठक में एम0सी0आई0 के द्वारा इस चिकित्सा महाविद्यालय में Setup किए गए बायोमेट्रीक मशीन द्वारा सभी चिकित्सको / शिक्षकों (सिनियर रेजिडेंट / जूनियर रेजिडेंट को छोड़कर) को नियमित रूप से अपनी – अपनी उपस्थिति दर्ज करने का सख्त निर्देश दिया गया है ।

विदित हो कि प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना द्वारा सभी संबंधित चिकित्सको / शिक्षकों के बायोमेट्रीक उपस्थिति पर ऑनलाईन निगरानी भी की जा रही है, जिसके अन्तर्गत उन्होने इस महाविद्यालय में कुल रजिस्टर्ड 111 चिकित्सको / शिक्षकों में से मात्र 19 चिकित्सको / शिक्षकों के द्वारा बायोमेट्रीक उपस्थिति दर्ज की बात कही, जो Online Monitoring के माध्यम से दिखाया गया । साथ ही भविष्य में चिकित्सको / शिक्षकों का प्रत्येक साप्ताह का बायोमेट्रीक उपस्थिति विवरणी अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने की सूचना भी दी गई ।

अतएव उक्त के मद्धेनजर आप सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि अपना–अपना उपस्थिति प्रतिदिन बायोमेट्रीक मशीन द्वारा दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में एम0सी0आई0 के द्वारा इस मुद्दे पर किसी प्रकार की आपत्ति न जताई जाए एवं प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना के आदेश का अनुपालन भी हो ।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दिया जाए ।

ह0 / –
प्राचार्य

ज्ञापांकः– 1526/18 दिनांकः– 28-06-18

प्रतिलिपिः–1) प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2) अधीक्षक / उपाधीक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0) / Estate Officer / पुस्तकालय सचिव / बरसर / ओ0एस0डी0, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

4) सभी चिकित्सक / शिक्षक (सिनियर रेजिडेंट / जूनियर रेजिडेंट को छोड़कर), श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

5) आई0टी0 सेक्शन, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

28/6/18
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर